# अवध-विहान

डिजिटल पत्रिका

अंक-43पुष्प अगस्त2025

त्रिचत्वारिंशत् पुष्प



## भारतीय शिक्षा समिति उ०प्र०

### अवध प्रान्त

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी** अ.भा.
सहसंगठन मंत्री— विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| मा. हेमचन्द्र जी<br>क्षेत्रीय संगठन मंत्री<br>विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र | मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी<br>अध्यक्ष<br>भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. | मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी<br>मंत्री<br>भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. |
| मा. रामजी सिंह जी<br>प्रदेश निरीक्षक<br>भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. | मा. सुरेश कुमार सिंह जी<br>सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)<br>भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. | मा. अवरीश कुमार जी<br>सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)<br>भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. |

## सम्पादक मण्डल

प्रधान सम्पादक
**सुनील कुमार सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख (भारतीय शिक्षा समिति,उ.प्र.)
मो. 9451139239, E-mail:- awadhpacher@gmail.com

### सहसम्पादक

श्रीमती निधि द्विवेदी
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

श्री देवेन्द्र कुमार शुक्ल
प्रधानाचार्य
स.वि.म.इ.का.
रामसनेही घाट—बाराबंकी

कम्प्यूटर ग्राफिक्स व डिजाइनिंग
श्री अमरदीप श्रीवास्तव
स.शि.म.इ.का.

### विशेष सहयोग

श्री बीरेन्द्र वर्मा
प्रान्त संवाददाता प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

श्री जितेन्द्र पाण्डेय
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

इस अंक में— पेज नम्बर


| | | |
|---|---|---|
| | सम्पादकीय | 04 |
| 1. | लखनऊ संकुल | 05—08 |
| 2. | बाराबंकी संकुल | 09—16 |
| 3. | अयोध्या संकुल | 17—18 |
| 4. | अम्बेड़कर नगर संकुल | 19—28 |
| 5. | गोण्डा संकुल | 29—30 |
| 6. | बलरामपुर संकुल | 0 |
| 7. | सीतापुर संकुल | 31—34 |
| 8. | लखीमपुर संकुल | 35—45 |
| 9. | हरदोई संकुल | 46—48 |
| 10. | बहराइच संकुल | 49 |
| 11. | उन्नाव संकुल | 50—53 |
| 12. | रायबरेली संकुल | 54 |

# सम्पादकीय




भारत को स्वतंत्रत कराने में लाल ,बाल, पाल से लेकर महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे दूरदर्शी नेताओं के साथ-साथ गुमनाम नायकों के बलिदान ने अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण समाज के लिए हमें प्रेरित किया। कविता, संगीत, साहित्य, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिन्होंने राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया और सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक का काम किया।

राष्ट्र की वर्तमान स्थिति और विरासत में सांस्कृतिक पुनरुत्थान हो रहा है भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं पर गर्व के साथ पुनरुत्थान का अनुभव कर रहा है।

देश अपनी विविधताओं में एकता को मजबूत कर रहा है, जो पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक भारत को जोड़ती है।

स्वतंत्रता दिवस पर, गुमनाम नायकों के बलिदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने ,जिन्हें स्मारकों में जगह नहीं मिली उनके आदर्शों को स्थापित रखने और यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का अवसर है कि उनके बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जाएगा।अगस्त का महीना अगस्त क्रांति (भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा), स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 1947), और रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को जोड़ता है, जो एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प को दर्शाता है।

शुभकामनाएंआइए, हम सभी वेदानुकूल आचरण करते हुए, गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करें और इस गुरु पूर्णिमा को सच्चे अर्थों में मनाएं। ऐसी अपेक्षा के साथ, आप सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं!

(सुनील कुमार सिंह)
प्रधान सम्पादक
सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज
फतेहपुर– बाराबंकी

# लखनऊ संकुल



दिनांक 11 जुलाई 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के भैया बहनों ने ललित कला अकादमी में जाकर के चित्रकला की प्रतियोगिता की एकदिवसीय कार्यशाला में स्वच्छता अभियान विषय की प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा सभी भैया बहनों को ललित कला अकादमी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।



शपथ समारोह संपन्न दिनांक 23 जुलाई 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में अमृत विशाल कक्ष में मां शारदे के चरणों में दीप जलाकर तथा पुष्पार्चन के साथ छात्र सांसद ,कन्या भारती तथा शिशु भारती के पदाधिकारियों के शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय संपूर्णानंद पांडे जी (पूर्व कर आयुक्त तथा वर्तमान में सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण) ने छात्र संसद के, कन्या भारती के एवं शिशु भारती के कैबिनेट मंत्रीमंडल का विस्तार करते हुए 15 से अधिक सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भैैया सार्थक जायसवाल ने छात्र संसद के प्रधानमंत्री, बहन मुस्कान निगम ने कन्या भारती की अध्यक्षा तथा मृत्युंजय मणि त्रिपाठी ने शिशु भारती के अध्यक्ष पद की शपथ ली। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश चंद्र पांडे ,विद्यालय के निदेशक श्री रामतीर्थ वर्मा उपस्थित रहे अतिथि परिचय तथा प्रस्तावना माननीय प्रधानाचार्य जी ने रखी तथा मंच संचालन वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार जी ने किया तथा आभार विद्यालय के निदेशक राम तीर्थ वर्मा जी ने किया। इस अवसर पर सभी आचार्य एवं आचार्या बहने उपस्थित रहीं।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में प्रांतीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख माननीय उत्तम कुमार जी ने सभी आचार्य एवं आचार्या बहनों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने बताया कि हमें समाज से एक विद्यालय और कम से कम 10 भैया बहनों को एवं अभिभावकों को अपनी भारतीय संस्कृति से जोड़ना है ताकि यह संस्कृति वैश्विक संस्कृति बन सके। माननीय प्रधानाचार्य श्री दुर्गेश चंद्र पांडेय जी ने प्रस्तावना और परिचय करवाया।



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में मनाया गया कारगिल विजय दिवस दिनांक 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार को सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में कारगिल विजय दिवस का आयोजन अमृत विशाल कक्ष में किया गया। जिसमें कई भैया बहनों ने सहभाग किया। भैया बहनों ने कारगिल विजय दिवस पर कविताएं तथा वीर रस से भरी और भी रचनाएं पढीं। मंच संचालन पदाधिकारी बहन मुस्कान निगम ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ज्ञानेंद्र सिंह जी (शाखा प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक) तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्रुव लाल कश्यप जी ने की ।कार्यक्रम में निदेशक राम तीर्थ वर्मा जी ने अपने उद्बोधन से भैया बहनों को संबोधित किया और इस दिवस के महत्व के बारे में बताया। आभार विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री दुर्गेश चंद्र पांडेय जी ने किया और उन्होंने बताया कि राष्ट्रभक्ति से बढ़कर रोटी नहीं होती। भैया बहनों को कारगिल विजय दिवस पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, इस कार्यक्रम में लगभग 700 से अधिक भैया बहनों ने भाग लिया कार्यक्रम में अच्छी संख्या में पूर्व छात्र तथा अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं आचार्या बहने भी उपस्थित रही और यह कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



कारगिल विजय दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज निराला नगर लखनऊ में शिशु मंदिर तथा विद्या मंदिर के भैया बहनों ने ओजस्वी विचार एवं जोशीले गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कोआपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक ज्ञानेंद्र सिंह राष्ट्रीय अस्मिता से सम्बंधित उद्बोधन दिया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध पर आधारित डाक्यूमेंट्री एवं वायु सेना की जांबाजी से सम्बंधित फिल्म भी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गई।





सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में तुलसीदास जयंती का आयोजन प्रार्थना सभा में किया गया । जिसको दो वर्गों में मनाया गया पहले शिशु  मंदिर के भैया बहनों ने जिसमें चार समूह थे, ने अभिनय के साथ तुलसीदास जी की वेशभूषा में रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन किया। इसके अतिरिक्त विद्या मंदिर के भैया बहनों ने भी तुलसीदास जयंती कार्यक्रम को बड़े ही धूमधाम से प्रार्थना सभा में मनाया। जिसमें विद्यालय की 11 टीमों ने इस मानस गायन की प्रतियोगिता में भाग लिया।विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार जी ने तुलसीदास जी का जीवन वृत्त तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश चंद्र पांडेय जी ने तुलसीदास जी के सामाजिक योगदान एवं उनके कृतित्व के बारे में सभी भैया बहनों को विस्तार से बताया ।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रामतीर्थ वर्मा जी एवं प्रधानाचार्य दुर्गेश चंद्र पांडे जी ने निर्णायक की भूमिका निभाई । विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया गया । इस कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं आचार्या बहने उपस्थित रहीं।

मातृभारती सम्मेलन का आयोजन





दिनांक 31 जुलाई 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में मातृ भारती सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 300 के करीब माताओं बहनों ने अपना अमूल्य समय देकर भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए कई सारे उपयोगी सुझाव दिए। विद्यालय परिवार ने दिए गए सुझावों का स्वागत किया और सुधार करने वाली चीजों पर सुधार हो ऐसा आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल जी उपस्थित रहे और उन्होंने भी बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की ।कई माताओं ने भैया बहनों के विकास के लिए समय प्रबंधन, संतुलित आहार, विहार और सतत प्रयास करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री दुर्गेश चंद्र पांडेय जी ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक रामतीर्थ वर्मा जी भी उपस्थित रहे ।

## रक्षा सूत्र निर्माण की प्रतियोगिता



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आज दिनांक 6 अगस्त 2025 को अमृत विशाल कक्ष में विद्यालय द्वारा रक्षा सूत्र निर्माण की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहनों ने राखी की प्रतियोगिता में भाग लिया और विभिन्न प्रकार के रक्षा सूत्र का निर्माण किया जिसमें सैनिक राखी, पर्यावरण से संबंधित राखियां, ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित राखियां ,और विभिन्न प्रकार की राखियों का निर्माण किया जिसमें विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री दुर्गेश चंद्र पांडेय एवं निदेशक श्री राम तीर्थ वर्मा जी ने बहनों को प्रोत्साहित किया एवं इस कार्यक्रम के बारे में कई पौराणिक कहानियों से संबंधित चीजों को बताया। यह त्यौहार भाई और बहन के सौहार्द,स्नेह और प्रेम का त्यौहार है जिसमें बहुत सारी पौराणिक मान्यताएं भी शामिल है जिसमें प्रातः स्मरणीय महादानी राजा बलि और लक्ष्मी जी की कथा, द्रौपदी और श्री कृष्ण जी की कथा एवं अन्य बहुत सारी उससे संबंधित कहानियों की चर्चा भी प्रधानाचार्य जी ने की। विजेता बहनों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए तथा सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

## रक्षा-बंधन पर सामाजिक गतिविधि



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ मेंअमृत विशालकक्ष मे प्रार्थना सभा में रक्षाबंधन की पूर्व बेला पर यह पर्व बड़े ही उत्साह और हर्ष के साथ मनाया गया जिसमें बहनों ने भाइयों के रक्षा सूत्र बांधा। कई भैया बहनों ने इसमें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य दुर्गेश चंद्र पांडे जी ने भैया बहनों को इसके बारे में बड़े ही विस्तार से और बहुत ही मार्मिक तरीके से पौराणिक कथाओं के साथ जोड़ते हुए इसका बड़ा ही व्यापक चिंतन किया जिसमें उन्होंने बताया कि यह त्यौहार केवल भाई-बहन तक ही सीमित नहीं है इसमें गुरु शिष्य ,मामा भांजे, और विभिन्न रिश्तों के संदर्भ में भी इसको मनाया जा सकता है यह बताया। इसमें श्री और इंद्र की कथा ,हुमायूं और रानी कर्णावती की कथा, राजा बलि और लक्ष्मी जी की कथा इत्यादि के बारे में भी विस्तार से बताया साथ ही साथ विद्यालय की बहनों ने विद्यालय परिसर में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री यतींद्र शर्मा जी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह को और परिसर के अन्य अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधा । एक नई पहल करते हुए वृक्ष हमारी रक्षा करते हैं और हमें भी उनकी रक्षा करनी चाहिए ऐसा मानते हुए वृक्षों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया । विभिन्न कार्यालय में भी जाकर के विद्यालय की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे जिसमें बैंक आफ इंडिया के अधिकारी, हसनगंज के थाना अध्यक्ष इत्यादि शामिल रहे।



# बाराबंकी संकुल

सरस्वती शिशु मंदिर इन्टर कॉलेज तहसील फतेहपुर बाराबंकी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस ।





आज के दिन 26 जुलाई 1999 में पाकिस्तानी सेना को भारतीय जवानों द्वारा अदम्य साहस, अदभुत पराक्रम से धूल चटाई वह सदियों तक हर भारतीय स्मरण रखेगा।

आज प्रातः वंदना सभा में कक्षा दस के भैया प्रतीक सिंह ने इस उपलक्ष्य में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेना ने जिस युक्ति से निचले भाग से ऊपर की चोटी पर बैठे हुए दुश्मन के छक्के छुड़ाते हुए उन्हें पराजित कर वहां तिरंगा फहराया वह हम सबको प्रेरणा देता रहेगा।

आदरणीय प्रधानाचार्य जी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि अपने पराक्रम से सेना जो विजय प्राप्त की वह हर भारतीय के लिए स्वर्णिम क्षण जैसा है। अदम्य साहस के इस प्रदर्शन में हमारे कई सौ जवान शहीद हुए उन्हें भी आज के इस अवसर पर शत शत नमन है।

## कारगिल विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन




फतेहपुर, बाराबंकी | 26 जुलाई 2025 – सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर (बाराबंकी) में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की पुण्य स्मृति में एक गरिमामय एवं प्रेरणास्पद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय श्री वीरेंद्र कुमार वर्मा जी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

तत्पश्चात कक्षा 10 के छात्र भैया प्रतीक सिंह एवं अविरल शर्मा द्वारा कारगिल युद्ध के शौर्यगाथा पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसमें शहीद सैनिकों के अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति एवं बलिदान का भावपूर्ण चित्रण किया गया।

अपने संबोधन में प्रधानाचार्य श्री वर्मा जी ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारतीय सेना की रणनीतिक सफलता तथा वीर सैनिकों की वीरता का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "भारतीय सेना के लिए कारगिल विजय केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा का प्रतीक है। सैनिक जब मातृभूमि को माता के रूप में स्वीकार कर उसकी रक्षा हेतु रणभूमि में उतरता है, तब उसके लिए विजय या वीरगति ही एकमात्र ध्येय होते हैं।"

कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा वीर शहीदों की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति का भाव प्रबल रूप से परिलक्षित हुआ तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रसेवा के संकल्प को अपने भीतर आत्मसात किया।

# मासांत दक्षता वर्ग में आचार्य ज्ञानसाधना से आलोकित – सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर बाराबंकी में हुआ गरिमामय आयोजन



फतेहपुर बाराबंकी। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर बाराबंकी के प्रांगण में श्रावण मास की शुक्ल सप्तमी को ज्ञान, संस्कार एवं शिक्षकीय नवाचार से ओतप्रोत एक विशेष मासांत दक्षता वर्ग का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र कुमार वर्मा जी ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यालय परिसर वेदमंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा।

प्रधानाचार्य जी ने अपने सारगर्भित उद्घाटन वक्तव्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समयानुकूलता एवं प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि इसे समुचित रूप से कक्षा-कक्ष में लागू किया जाए, तो यह विद्यार्थियों में केवल बौद्धिक उत्कर्ष ही नहीं, बल्कि नैतिकता, मानवता एवं संस्कार की दिव्य ज्योति भी प्रज्वलित कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान का संप्रेषण न होकर जीवनमूल्यों की स्थापना होना चाहिए, और यह तभी संभव है जब आचार्य स्वयं सतत अध्ययनशील रहें।

इस अवसर पर तुलसी जयंती भी श्रद्धाभाव से मनाई गई।

भैया शौर्य वर्मा ने तुलसीदास कृत गणेश वंदन प्रस्तुत कर उपस्थित सभी भैया बहनों को मन्त्र मुग्ध कर दिया।

प्रधानाचार्य जी ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और उनके अप्रतिम काव्य रामचरितमानस को लोककल्याण का दिव्य माध्यम बताते हुए कहा कि मानस में जीवन के हर संबंध, हर भाव और हर संघर्ष का समाधान है, जिसे आत्मसात कर कोई भी मनुष्य चरम लक्ष्य की ओर उन्मुख हो सकता है।

कार्यक्रम के अगले चरण में विषयवार शिक्षकीय सत्र आरंभ हुए, जिसमें आचार्यों को प्राथमिक तथा माध्यमिक वर्गों में विभाजित कर शिक्षण कौशल का अभ्यास कराया गया।

प्राथमिक स्तर पर आचार्य श्री जगदीश, श्री राधेश्याम एवं अन्य आचार्यों ने नवाचारपरक शिक्षण विधियों के माध्यम से विषयों की प्रस्तुति दी।

माध्यमिक वर्ग में गणित का शिक्षण आचार्य श्री सुधीर, श्री राघवेंद्र एवं श्री दिनेश द्वारा, विज्ञान का शिक्षण आचार्य विजय यादव एवं श्री आनंद द्वारा तथा अंग्रेज़ी विषय का शिक्षण आचार्य श्री नरेंद्र वर्मा द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। हिंदी विषय की बागडोर श्री अनिल कुमार वर्मा के कर-कमलों में रही, जबकि प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र वर्मा जी ने विज्ञान विषय को अंतरविषयक परिप्रेक्ष्य में जोड़ते हुए जॉयफुल लर्निंग की अद्भुत विधियों का सजीव प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ आचार्य श्री राघवेंद्र वर्मा ने सभी आचार्यों का हृदय से आभार ज्ञापित करते हुए इस ज्ञानयज्ञ में उनके सक्रिय योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सृजनात्मक आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया।

यह मासांत कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण का अवसर बना, बल्कि शिक्षा को जीवनोपयोगी बनाने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुआ।

सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर बाराबंकी में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया





फतेहपुर बाराबंकी, 08 अगस्त।

रक्षाबंधन, जो प्रेम, त्याग और पवित्र बंधन का प्रतीक है, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर बाराबंकी में भैया-बहनों द्वारा अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर इस शुभ अवसर पर उमंग और सांस्कृतिक सौहार्द से सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप की लौ ने जैसे ही वातावरण को आलोकित किया, पूरे सभागार में एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया।

प्रधानाचार्य जी ने अपने उद्बोधन में रक्षाबंधन के पौराणिक महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मात्र भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, अपितु यह विश्व बंधुत्व, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने वामन अवतार की कथा के माध्यम से बताया कि कैसे राजा बलि के प्रति भगवान विष्णु का वचनबद्ध रहना और माता लक्ष्मी द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें अपने साथ ले जाना, रक्षाबंधन के गूढ़ महत्व को दर्शाता है। इसी क्रम में श्रीकृष्ण और द्रौपदी की अमर कथा को भी उन्होंने आत्मीयता से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में भैया आदर्श वर्मा, बहन शिखा और बहन काजल ने भी रक्षाबंधन के धार्मिक और सांस्कृतिक आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि यह पर्व न केवल रक्षा का वचन है, बल्कि आत्मीयता, करुणा और सामाजिक सौहार्द का संदेश भी देता है।

आचार्य अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षासूत्र केवल भाई-बहन के बीच न होकर, सभी जीवों, प्रकृति और तत्वों से भी जोड़ा जाना चाहिए, जिससे पर्यावरण और समाज दोनों में समरसता बनी रहे। आचार्य नरेंद्र कुमार वर्मा ने समस्त उपस्थित भैया-बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का भावुक क्षण तब आया जब बहनों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को रक्षासूत्र बांधकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके पश्चात सभी बहनों ने भैयाओं तथा समस्त आचार्यगणों को रक्षा सूत्र बांधते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

इस आयोजन ने विद्यालय में न केवल उत्सव का वातावरण निर्मित किया, बल्कि सभी को भारतीय संस्कृति की गहराइयों से जोड़ते हुए, एक आत्मीय अनुभव का भाव प्रदान किया।

## गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती एवं दक्षता वर्ग का आयोजन



दिनांक 31 जुलाई 2025 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती एवं दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर पुष्पार्जन करते हुए किया। इस अवसर पर वैदिक गणित प्रशिक्षक के रूप में आए हुए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों के साथ मानस का महत्व हमारे जीवन में क्या है बताया। इसी क्रम में आदरणीय प्रधानाचार्य जी ने मानस की कुछ चौपाइयों का गायन कर अर्थ सहित व्याख्या की। दक्षता वर्ग के संयोजक आदरणीय रमेश कुमार शुक्ल जी ने शिवेंद्र सिंह जी का बैज् और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात सभी आचार्य अपने विषय के अनुसार अपनी अपनी कक्षा में गए। जहां पर प्रशिक्षक के रूप में विषय अनुसार श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह जी ( वैदिक गणित) , श्री राज नारायण जी ( हिंदी) , लक्ष्मीकांत पाठक जी ( अंग्रेजी) तथा श्रीमती राधा तिवारी जी ( शिशु वाटिका) ने अपनी -अपनी कक्षाएं ली। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य और आचार्या बहने उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने सामूहिक बैठक ली तथा सर्वप्रथम आज के दक्षता वर्ग की समीक्षा की।

इसके बाद पिछले माह् संपन्न हुए कार्यक्रमों के बारे में सभी से चर्चा करते हुए समीक्षा की जिसमे कार्यकमों के उद्देश्य,और परिणाम पर विस्तार से वार्ता हुई

सभी ने अपने-अपने विषय बड़ी ही कुशलता से प्रस्तुत किया। इसके उपरांत आगामी मास में होने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाते हुए संयोजक निर्धारित किये गये, प्रमुख कार्यक्रमों में बस्ता प्रतियोगिता,राखी निर्माण कार्यशाला,अखंड भारत संकल्प दिवस,कक्षाश: गीत प्रतियोगिता,स्वतंत्रता दिवस,कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण रूप सज्जा,मासिक परीक्षा,हिंदी,अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता, राष्ट्रीय खेल दिवस और 16अगस्त से 30अगस्त तक चलने वाले संस्कृति बोध अभियान आदि निर्धारित किये गये ,अंत में सभी कक्षाचार्यों ने अपनी अपनी कक्षा का जुलाई महीने के शुल्क विवरण को पूर्ण किया।

## अभिभावक गोष्ठी एवं दक्षता वर्ग का आयोजन




आज दिनांक 31 जुलाई 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी में भैया-बहनों के शैक्षिक स्तर पर विस्तार से चर्चा की गई एवं उपस्थित अभिभावकों से उनके सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक सदस्य श्री ललराम चौधरी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह जी ने शिक्षा, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

इसके साथ ही जुलाई माह के अंतिम दिवस पर विद्यालय में दक्षता वर्ग का सफल आयोजन भी संपन्न हुआ।
अंग्रेजी विषय की कक्षा आचार्य श्री ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा
तथा गणित विषय की कक्षा आचार्य श्री जितेन्द्र पाल द्वारा ली गई।

## प्रांतीय सांस्कृतिक प्रश्न मंच हेतु प्रश्नमंच कार्यशाला






दिनांक 2 अगस्त 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट में प्रांतीय सांस्कृतिक प्रश्न मंच हेतु प्रश्नमंच कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय की डिजिटल पत्रिका स्वर्ण रश्मि का विमोचन भारतीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष माननीय हरेंद्र श्रीवास्तव जी और प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह जी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय देवेन्द्र कुमार शुक्ल जी ने प्रोजेक्टर की सहायता से पत्रिका में समाहित  समस्त कार्यक्रम और गतिविधियों से वहां उपस्थिति सभी लोगों को अवगत कराया। प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह जी ने इस पहल की सराहना कर इसे प्रचार विभाग की उत्तम पहल बताया। सांस्कृतिक प्रश्न मंच के आदर्श प्रश्न पत्र निर्माण हेतु भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र. द्वारा आयोजित कार्य शाला में माननीय हरेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष भारतीय शिक्षा समिति, उत्तर प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह जी, श्री उत्तम कुमार मिश्र संस्कृति बोध परियोजना पूर्ण कालिक, संभाग निरीक्षक अवरीश जी, श्री अश्वनी कुमार सदस्य प्रांतीय आर्थिक टोली इनके अतिरिक्त  अवध प्रान्त के 12 जनपद से हुए प्रश्नमंच हेतु अपेक्षित आचार्य उपस्थित रहे । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री देवेन्द्र कुमार शुक्ल जी सभी का स्वागत व अभिनंदन किया।

## डिजिटल पत्रिका- विमोचन




डिजिटल पत्रिका स्वर्ण रश्मि के विमोचन के लिए सभी ने आदरणीय प्रधानाचार्य जी को सभी ने बधाई व शुभकामनायें दी । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री देवेन्द्र कुमार शुक्लजी ने इस पहल की लोगो द्वारा दी गयी शुभकामनाओं पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए इस पत्रिका का प्रतिमाह संपादन करने का आश्वाशन दिया ।

## राखी निर्माण कार्यशाला



दिनांक 07/08/2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज रामसनेहीघाट (बाराबंकी)में राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संयोजन बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती शशि बाला तिवारी जी ने किया। इस अवसर पर राखी बनाने के विभिन्न तरीको का उपयोग सिखाया गया, ये एक कौशल विकास का कार्यक्रम है साथ ही इसके माध्यम से स्वदेशी को बढ़ावा देना भी एक उद्देश्य है और स्वयं के हाथों से राखी बनाकर अपने भाइयों को बांधना जिससे भाई बहनो मे स्नेह और दृढ हो यह भी उद्देश्य है ऐसे कार्यक्रमों से लघु उद्योगों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह एवं हर्ष पूर्वक इस राखी निर्माण कार्यशाला में प्रतिभाग किया। विद्यालय के आदरणीय प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार शुक्ल जी भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की विशेष पहल बताया।

## विद्यालय में मेहंदी एवं रक्षा सूत्र प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



बाराबंकी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लखपेडाबाग, बाराबंकी में आज भव्य मेहंदी एवं रक्षा सूत्र प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस रचनात्मक प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की संयोजिका आचार्या सरिता वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मूल्यांकन बहन शशि यादव एवं प्रियंका सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, डिज़ाइन की मौलिकता और प्रस्तुति को आधार बनाते हुए विजेताओं का चयन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।"

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया।




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज रामसनेही घाट में आज रक्षा बंधन के मंगल अवसर पर विद्यालय की बहनो की टोलियों ने अपने आचार्य जी के साथ विभिन्न कार्यालयों में जाकर अधिकारियों ,कर्मचारियों और समाज सेवियों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हे शुभकामनाएं प्रदान की , अधिकारियों ने इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की और बहनो को उपहार देकर सम्मानित भी किया।

विद्यालय परिवार की तरफ से रक्षा बंधन की समस्त शुभ चिंतकों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

## संकुल सम्पर्क प्रमुखों की बैठक सम्पन्न



दिनांक 11 अगस्त 2025 को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी में संकुल के सम्पर्क प्रमुखों की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

संकुल संपर्क संयोजक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ने आए हुए प्रांतीय संपर्क प्रमुख श्री दिलीप जी का परिचय कराया, जिसके उपरांत विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री बलराम तिवारी ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इसी क्रम में विभिन्न विद्यालयों से पधारे सभी संपर्क प्रमुखों का परिचय कराया गया तथा उन्हें भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

**वेश एवं बस्ता प्रतियोगिता संपन्न**



दिनांक 12 अगस्त 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लखपेडाबाग, बाराबंकी में वेश एवं बस्ता प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी -

1. आरुष जायसवाल
2. शिवानी
3. अंशिका वर्मा

बस्ता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी -

1. आस्था
2. प्रिंस
3. अनन्या सिंह

इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में -

श्री रामकृष्ण तिवारी

श्री रघुराज प्रसाद

श्रीमती सरिता वर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अयोध्या संकुल

## सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर में हर्षौल्लास के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस




आज का दिन हर भारतीय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है आज ही के दिन 1999 में भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाकर कारगिल का मैदान फतेह किया था । इस युद्ध में भारत के 567 वीर सपूतों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए । यह दिवस भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है, जिसको हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है । अपने वीर सैनिकों को याद करते हुए नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर में कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ । विद्या भारती संस्कृति के अनुसार अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीपार्चन एवं पुष्पार्चान किया गया । कैप्टन जे0पी0 द्विवेदी जी सैनिकों की वीरता की कहानी बताते हुए भावुक हो उठे, वे स्वयं कारगिल युद्ध में सम्मिलित भी रहे । सूबेदार दलजीत सिंह जी ने भैया बहनों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें मातृभूमि का महत्व भी समझाया । विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी द्वारा वीर सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । श्री तिवारी जी ने भैया बहनों को मातृभूमि के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बालेंदु भूषण मिश्र जी, सूबेदार अनिल कुमार सिंह जी एवं देवेंद्र सिंह जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य विश्वनाथ यादव ,शिव अचल पाण्डेय, राम शंकर वर्मा ,विनोद दीक्षित, अमित यादव, अनुराग जायसवाल, अजीत सिंह, अजय सिंह, सरिता पाण्डेय, नेहा, सुमन शर्मा, शालिनी सिंह, सोनी, श्रद्धा आदि उपस्थित रहे ।

## कन्या भारती का शपथ ग्रहण





आज दिनांक 1 अगस्त 2025 को विद्या भारती विद्यालय भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर साकेत में कन्या भारती का शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय समाज वैज्ञानिक अयोध्या महानगर डॉक्टर आभा सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कराया। डॉ आभा सिंह ने कन्या भारती की अध्यक्ष के रूप में आकांक्षा,उपाध्यक्षा आराधना वाल्मीकि,मंत्री स्नेहांजलि शर्मा, सह मंत्री उर्वशी ,सेनापति आर्या उपाध्याय, सह सेनापति एंजेल पांडे एवं यशी सिंह तथा कन्या भारती के अन्य सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर कन्या भारती की प्रमुख सरिता जी, विद्यालय की बहने श्रद्धा साक्षी, सोनी, सुमन तथा आचार्य विश्वनाथ, रामभद्र जोशी, विनोद आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ छात्र संसद एवं शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह




विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर अयोध्या में भैया बहनों को छात्र सांसद एवं शिशु भारती की शपथ दिलाने का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस विशेष अवसर पर विद्या भारती के सांस्कृतिक प्रथा के अनुरूप मां सरस्वती के समक्ष दीपार्चन एवं पुष्पार्चन का कार्य अयोध्या जिले संघ संचालक प्रोफ़ेसर विक्रमा प्रसाद पाण्डेय जी द्वारा किया गया । श्री पाण्डेय जी द्वारा शिशु भारती एवं छात्र संसद के पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । मुख्य अतिथि के द्वारा भैया बहनों को देश के विकास से संबंधित अपनी जिम्मेदारियां तथा लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सजग किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी द्वारा भैया बहनों को उनके पद की शुभकामनाएं दी गई । विद्यालय के भैया बहनों ने स्वागत गीत के माध्यम से आए हुए अतिथि का सम्मान किया । इस अवसर पर शिशु भारती के प्रमुख श्री रामभद्र जोशी जी द्वारा तथा छात्र सांसद प्रमुख विश्वनाथ यादव जी द्वारा सभी पदाधिकारी को उनके जिम्मेदारियां से परिचित कराया गया । इसी कड़ी में विद्यालय के आचार्य अमित पाण्डेय, अमित यादव, स्वाति तिवारी आदि की उपस्थिति से कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया ।

# अम्बेड़कर नगर संकुल

विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर

**संभाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी का विद्यालय में गरिमामय आगमन**



आज दिनांक 24 जुलाई 2025 को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश अवध प्रांत, लखनऊ सम्भाग के संभाग निरीक्षक श्रीमान अवरीश कुमार जी का विद्यालय आगमन हुआ। वंदना सभा में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी द्वारा उनका स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानपूर्वक किया गया।

सम्भाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी ने सभा को संबोधित करते हुए भैया-बहनों को प्रेरित किया कि वे विद्या भारती द्वारा आयोजित आगामी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लें और विद्यालय का नाम अखिल भारतीय स्तर पर गौरवान्वित करें।

इसके उपरांत सम्भाग निरीक्षक जी ने विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्या बहनों के साथ बैठक की, जिसमें आचार्य उपस्थिति रजिस्टर, छात्र उपस्थिति एवं शुल्क रजिस्टर, विभागीय रजिस्टर तथा संस्कृति बोध परियोजना पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यालयों को इस परियोजना से जोड़ने के प्रभावी उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी ने सम्भाग निरीक्षक द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई तथा उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या बहनें एवं भैया-बहन उपस्थित रहे।

## शिशु भारती शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



आज दिनांक 26 जुलाई 2025 को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश अवध प्रांत, लखनऊ सम्भाग के संभाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी का विद्यालय में स्नेहिल स्वागत किया गया। वंदना सभा में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके पश्चात् सम्भाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी के निर्देशन में शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ ली:

- अध्यक्ष - बहन यशस्वी चौरसिया
- उपाध्यक्ष - बहन अनिका पांडेय एवं स्वरा
- मंत्री - बहन आशिता वर्मा
- सह मंत्री - बहन वैष्णवी पांडेय
- सेनापति - भैया रितुध्वज
- सह सेनापति - भैया यशस्व मौर्या

श्री अवरीश कुमार जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि -"आप सबको जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन निष्ठा, अनुशासन और सहयोग की भावना से करें। विद्यालय की गरिमा को बढ़ाना आपका कर्तव्य है।" यह सम्पूर्ण कार्यक्रम वरिष्ठ आचार्य श्री रामजी गौड़ जी के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी ने श्रीमान सम्भाग निरीक्षक जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।





राम हरख सरस्वती शिशु मंदिर लोहिया नगर शहजादपुर अकबरपुर अंबेडकर नगर में शिशु भारती के भैया बहनों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साकेत संभाग के माननीय संभाग निरीक्षक श्रीमान अवरीश जी ने भैया बहनों को शिशु भारती के पदों का शपथ ग्रहण दिलाया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिव प्रसाद मिश्र अतिथि महानुभाव का परिचय कराया शिशु भारती प्रमुख आचार्या सुश्री ऐश्वर्या पांडे ने आए हुए मुख्य अतीत महानुभावों का आभार प्रकट किया विद्यालय में कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री देवेंद्र चौधरी ने किया कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या श्रीमती प्रियंवदा मिश्रा सुश्री मंजुल कुमारी सुश्री संजना गुप्ता श्री सदाराम धूरिया श्री अभय तिवारी श्रीमती स्नेह लता सोनी उपस्थित रहे। शपथ लेने वालों में शिशु भारती की अध्यक्ष बहन आर्या उपाध्याय सेनापति शिवम सोनकर मंत्री जानकी शर्मा प्रधानमंत्री पंखुड़ी सोनी रक्षा मंत्री आराध्या उपाध्याय आदि ने शपथ लिया

# मा0 संभाग निरीक्षक द्वारा वंदना सभा में उदबोधन।






विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर के पावन परिसर में आज प्रातः वंदना सभा में भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश पूर्वी के साकेत संभाग के संभाग निरीक्षक श्री अवरीश जी का पाथेय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह द्वारा अंग वस्त्र समर्पित कर आपका स्वागत किया गया। संभाग निरीक्षक जी ने कार्यक्रम में अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा की यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का 100वा वर्ष चल रहा है। इस शताब्दी वर्ष में विद्या भारती ने अपने कुछ लक्ष्य निर्धारित किया है ,जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। गुणवत्ता परक शिक्षा, विद्यालय को समाज से जोड़ना, पोषक ग्राम, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा,भैया -बहनो मे कौशल विकास करना आदि विषयों पर बहुत ही अच्छे ढंग से चर्चा की गई। श्रीमान संभाग निरीक्षक जी द्वारा सभी आचार्यों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभागी विद्यालयों की संख्या बढ़ाने के लिए लक्ष्य दिया गया। सरस्वती यात्रा के अंतर्गत भैया बहनों की टीम बनाकर समस्त प्रशासनिक कार्यालयो में जाकर उनके कार्य पद्धति को जानना और अनुभव प्राप्त करना आदि विषयों पर भी चर्चा परिचर्चा की गई। उपरोक्त वंदना सभा में जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर व जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज सिपाह रामनगर अंबेडकर नगर के सभी आचार्या बहने एवं आचार्य बंधुओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक चंदेल द्वारा आभार प्रदर्शन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

36वें क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम




सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, देवरिया-उत्तर प्रदेश में दिनांक 27,28 एवं 29 जुलाई 2025 को क्षेत्रीय  कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर के भैयाओ ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।
आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को सांय 5 बजे विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी ने विजयी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। एवं खेल में अपना कैरियर बनाने का आशीर्वाद प्रदान किया| विद्यालय के शारीरिक प्रमुख श्री झारखण्डेय यादव जी के नेतृत्व में विद्यालय के भैया-बहन संकुल, प्रांत एवं क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिताओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।
मेडल प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी इस प्रकार हैं:

- गोल्ड मेडल विजेता:
  - *शिवांश पाण्डेय
    कक्षा द्वादश ग
- काँस्य मेडल विजेता:
  - *उत्कर्ष पाण्डेय
    कक्षा एकादश ग

इस सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी प्रधानाचार्य, शारीरिक प्रमुख तथा दोनों भैयाओ के अभिभावक उपस्थित रहे और सभी नें विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में आज दिनांक 31.7 .25 को वंदना सभा में क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैयाओ को सम्मानित किया गया| विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान नीरज कुमार शुक्ला जी ने मेडल पहनाकर कुश्ती में विजयी भैया शिवांश पाण्डेय कक्षा द्वादश ग ( स्वर्ण पदक) तथा उत्कर्ष पाण्डेय एकादश ग ( कांस्य पदक ) को सम्मानित किया | विद्यालय के प्रधानाचार्य जी एवं खेलकूद विभाग के प्रमुख श्री झारखंडेय जी ने भैयाओ का उत्साहवर्धन किया एवं आगे अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आशीर्वाद प्रदान किया|

हैंडबॉल प्रतियोगिता



विवेकानंद शिशुकुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा में आज दिनांक 31-07-25 को नवीं बेला में इंट्राहॉउस हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमे विवेकानंद हॉउस की टीम नें रामानुजन हॉउस की टीम पर 5-3 से भारी जीत दर्ज की|

खेल का शुभारम्भ प्रधानाचार्य जी द्वारा खिलाड़ियों के परिचय से हुआ | रामानुजन हॉउस कैप्टन नें टॉस जीतकर बॉल थ्रो का निर्णय लिया |

30 मिनट की अत्यंत रोचक प्रतियोगिता में दर्शक के रूप में विद्यालय के भैया -बहन, आचार्य परिवार नें खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया| भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता से सुधीर पाण्डेय जी की कामेंट्री नें खेल को और भी रोचक बना दिया| विद्यालय के सह मीडिया प्रभारी सुधीर चंद्र मिश्रा द्वारा मैच का वीडियोग्राफी किया गया|अंत में श्रीमान प्रधानाचार्य जी वह सभी आचार्य परिवार ने दोनों टीमों को शुभकामना प्रदान की

# हरियाली उत्सव का हुआ मनोहारी आयोजन।




विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में आज हरियाली उत्सव का मनोहारी कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित इंद्रजीत वर्मा कन्या इंटर कॉलेज रामनगर की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती उषा चौधरी, उपरोक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र सिंह, पूर्व शिक्षिका सुमित्रा भारती, रामविलास यादव, अनुपम सिंह एवं जे बी किड्स की प्रधानाचार्या दीपिका श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के श्री चरणों मे दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभाविकाओ को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में हरियाली, पर्यावरणीय जागरूकता और प्राकृतिक संतुलन के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव पैदा किया जाता है। महिलाओं द्वारा कजरी आदि पारंपरिक गीतों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की बहनों ने भी चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया ।विद्यालय परिसर में संगीतमय वातावरण व्याप्त हो गया। विद्यालय की आचार्या नीता त्रिपाठी, किरन मिश्रा व अनुपम सिंह द्वारा आदरणीय अतिथियो को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बोलते हुए मुख्य अतिथि महोदया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना एक अनूठा प्रयोग है। यह समाज के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। आज व्यस्तता भरे इस युग में हम अपना थोड़ा सा समय निकालकर आपस में मिल बैठकर अपने तीज-त्योहारों को मनाए तो इससे हमारे अंदर सकारात्मकता विकसित होगी और हम एक स्वस्थ समाज की रचना करने में सफल होंगे। अंत में अनुपम सिंह द्वारा आभार ज्ञापन किया गया।

## विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर



### मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

दिनांक 05 अगस्त 2025 को विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की झलक प्रतियोगिता में देखने को मिली, जिससे यह सिद्ध हुआ कि छात्राएं न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी हैं।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सभी आचार्या बहनों की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में रचनात्मक ऊर्जा और सौंदर्य का समावेश स्पष्ट रूप से महसूस किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज कुमार शुक्ला जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा:

> "मेहंदी एक प्राचीन भारतीय कला है जो हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ी हुई है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं।"

उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या बहनें, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन प्रशंसा पत्र वितरण और फोटोग्राफ सत्र के साथ हुआ, जिसने इस आयोजन को स्मरणीय बना दिया।

# राखी प्रतियोगिता



दिनांक 06 अगस्त 2025 को विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर में राखी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की झलक प्रतियोगिता में देखने को मिली, जिससे यह सिद्ध हुआ कि छात्राएं न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी हैं।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सभी आचार्या बहनों की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में रचनात्मक ऊर्जा और सौंदर्य का समावेश स्पष्ट रूप से महसूस किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज कुमार शुक्ला जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा: आज हम सब यहाँ रक्षाबंधन के पावन पर्व को मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। यह सिर्फ एक धागा नहीं है, बल्कि यह एक वादा है, एक जिम्मेदारी है, जो भाई अपनी बहन की रक्षा के लिए लेता है।

इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं।"

उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या बहनें, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन प्रशंसा पत्र वितरण और फोटोग्राफ सत्र के साथ हुआ, जिसने इस आयोजन को स्मरणीय बना दिया।

## रक्षाबंधन का कार्यक्रम हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया




दिनांक 08 अगस्त 2025 को विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर में रक्षाबंधन का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सभी आचार्या बहनों की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में रचनात्मक ऊर्जा और सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला।

CISF एनटीपीसी से पधारे CISF इंस्पेक्टर श्रीमान प्रकाश पाठक जी के नेतृत्व में CISF के जवानों का विद्यालय की बहनों ने रोली, चंदन एवं बैज लगाकर हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात, कक्षा 11 एवं 12 की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान प्रकाश पाठक जी ने भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार हमें याद दिलाता है कि चाहे दूरियां हों या समय का अंतराल, भाई-बहन के बीच का प्रेम कभी कम नहीं होता। यह बंधन हर परिस्थिति में साथ निभाने का वादा है। बहन की राखी में भाई की सुरक्षा, उसकी खुशियों में भागीदारी और जीवनभर साथ देने का संकल्प छुपा होता है।

विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नीरज कुमार शुक्ला जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा–

"आज हम सब यहाँ रक्षाबंधन के पावन पर्व को मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। यह केवल एक धागा नहीं, बल्कि एक वादा और जिम्मेदारी है, जिसे भाई अपनी बहन की रक्षा के लिए निभाने का संकल्प लेता है।"

परंपरा के अनुसार बहन पहले भाई के माथे पर तिलक लगाती है, फिर थाली से रोली के साथ चावल लगाती है। इसके बाद राखी बांधती है और मिठाई खिलाती है। पूजा के पश्चात बहन भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की दुआ मांगती है, जबकि भाई बहन को रक्षा का वचन देता है। इस दिन भाई-बहन के बीच प्रेम और सहयोग का भाव और भी प्रगाढ़ हो जाता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या बहनें एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन का समापन प्रशंसा-पत्र वितरण एवं फोटोग्राफी सत्र के साथ हुआ, जिसने इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया।

## विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस चौकी में राखी बांधकर दिया सुरक्षा और सौहार्द का संदेश





विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, एनटीपीसी टाण्डा, अम्बेडकर नगर में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज दिनांक 08 अगस्त 2025 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सुधीर कुमार पांडेय एवं आचार्या बहन रीना सिंह के नेतृत्व में कक्षा 11 की छात्राएँ लावन्या पटेल, आकृति गुप्ता, आर्या वर्मा एवं रिचा वर्मा पुलिस चौकी, एनटीपीसी पहुँचीं।

छात्राओं ने पुलिस चौकी इंचार्ज एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को अपने हाथों से बनाई हुई सुंदर राखियाँ बाँधीं। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की यह पहल समाज में सुरक्षा, भाईचारे और सौहार्द का अनूठा संदेश देती है। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी और बताया कि पुलिस विभाग हमेशा जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर रहता है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य और दीर्घायु की शुभकामनाएँ दीं और उनके बलिदान एवं समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पुलिस चौकी इंचार्ज ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान नीरज कुमार शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम का समापन छात्राओं और पुलिस अधिकारियों के बीच मिठाई वितरण के साथ हुआ, जिससे वातावरण में मिठास और आपसी भाईचारा और भी प्रगाढ़ हो गया।

# गोण्डा संकुल



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपुरम भरहूँ मनकापुर गोण्डा में 26 जुलाई 2025 को प्रातः वन्दना सभा में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन व वंदना के उपरान्त कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विनीत कुमार मिश्र जी ने अपने उद्बोधन में कहा :- 26 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला कारगिल विजय दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। यह 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य,बलिदान और अटूट दृढ़ संकल्प का स्मरण कराता है। इस दिन, हम उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने हमारे राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

इस अवसर विद्यालय के प्रबंधक श्री राधेश्याम तिवारी,अध्यक्ष श्री जवाहर लाल जायसवाल जी तथा पूर्व लोकतंत्र सेनानी श्री भरत लाल जी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विनीत कुमार मिश्र जी ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या, प्रबंध समिति के चार सदस्य, बीस अभिभावकगण व एक कर्मचारी उपस्थित रहे।

अन्त में कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती से हुई।

## आचार्य दक्षता वर्ग



३१/०७/२०२५ को मासान्त दिवस पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपुरम भरहूँ मनकापुर गोण्डा में प्रातः वन्दना के उपरान्त विषयाचार्यों द्वारा आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री करुणा शंकर शुक्ल जी ने वैदिक गणित,श्री जसवीर जी ने अंकगणित और श्री दीपक जी ने अंग्रेजी का पंचपदीय आधारित शिक्षण किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनीत कुमार मिश्र जी ने सभी विषयाचार्यों को पंचपदीय आधारित शिक्षण करने पर पुनर्वलन दिया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या श्री करुणा शंकरजी,श्री अजय कुमार तिवारी,श्रीमती ममता उपाध्याय,श्री शुभम पाण्डेय,सुश्री अंजली यादव,श्री जसवीर जी,श्री दीपक जी उपस्थित रहे।



विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपुरम भरहूँ मनकापुर गोण्डा में कौशल विकास की दृष्टि से रक्षा-सूत्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन श्रीमती कलावती सिंह व श्रीमती ममता उपाध्याय जी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनीत कुमार मिश्र जी ने सहभाग करने वाले सभी भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# सीतापुर संकुल




दिनांक 19/07 /2025 दिन शनिवार को सरस्वती शिशु वाटिका पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर के विद्यालय में कक्षा अरुण/ नर्सरी से कक्षा प्रथम /फर्स्ट तक के भैया /बहन ने ग्रीन डे का कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में सभी भैया/बहन हरे रंग के वस्त्र पहन कर आए थे ।और अपने साथ कुछ हरी सब्जियां भी लाए थे ।इस अवसर पर मात्र भारती की बहने श्रीमती सीमा रस्तोगी जी, एवं श्रीमती डॉक्टर प्रीति वैश्य जी तथा हमारे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रामचंद्र जी द्वारा भैया /बहनों को ग्रीन डे का महत्व बताया गया। यह सभी कार्यक्रम शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती शशि मिश्रा जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जी की देखरेख में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा ग्रीन डे के अवसर पर सभी भैया /बहनों एवं आचर्या बहनों को सफल संयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

## प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता कुश्ती एवं बैडमिंटन



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर के भैयाओं का सराहनीय, उत्कृष्ट एवं गौरवपूर्ण प्रदर्शन रहा।

आज दिनांक 24 जुलाई 2025 को मां सरस्वती वंदना के पश्चात आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अवध प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैयाओं को सम्मानित किया गया।

कुश्ती प्रतियोगिता में

भैया अभिनव मिश्रा ( Class 5th) तथा

भैया देवराज शर्मा ( Class 7th ) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में

भैया बिलाल (कक्षा 3वीं) तथा

भैया हिमांशु (कक्षा 7वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

–

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अतः शिक्षण के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा और खेलकूद गतिविधियों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। खेल भैया-बहनों के सर्वांगीण (शारीरिक और मानसिक) विकास का माध्यम हैं।"

इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक प्रमुख आचार्य श्री यमुना प्रसाद पांडेय जी ने उपस्थित भैया-बहनों का मार्गदर्शन करते हुए कहा –

"खेल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता हैं। अतः प्रत्येक भैया-बहन को इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। यह आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व गुणों का विकास करता है।"

कार्यक्रम में स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहन, भैया अभिनव मिश्रा के माता-पिता, पूरे आचार्य परिवार एवं अनेक भैया-बहनें उपस्थित रहे। यह अवसर विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। विजेता भैयाओ के लिए विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान राम प्रताप वर्मा जी ने सभी विजेता भैयाओं का जीवन यशस्वी हो, मंगलमय हो एवं प्रगति के पथ पर इसी तरह अग्रसर होते रहे ऐसा शुभ आशीर्वाद बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कारगिल विजय दिवस मनाया गया।




सरस्वती शिशु मंदिर, पुरवारी टोला, बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में कारगिल विजय दिवस बड़े ही श्रद्धा, गौरव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमानरामानुज चौरसिया जी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथि बहनों/ बंधुओं का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मातृ भारती की सदस्या श्रीमती सीमा रस्तोगी जी, नगर की प्रतिष्ठित डॉ. प्रीति वैश्य जी, समाजसेविका श्रीमती रेनू मेहरोत्रा जी, तथा विद्यालय के यशस्वी प्रबंधक श्री राम प्रताप वर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और विद्यालय के भैया-बहनों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विचार व्यक्त किए एवं विभिन्न , देशभक्ति गीतों, भाषण प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के आचार्य श्री देवेंद्र दीक्षित जी ने बताया कि "कारगिल विजय दिवस हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के उन वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। यह विजय भारत के गौरवशाली इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।" प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा- "कारगिल युद्ध के शहीद हमारे आदर्श हैं। उनके बलिदान से हमें राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। कैप्टन मनोज पांडे की तरह हमें भी देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए और राष्ट्रभक्ति की भावना को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए।"

## राम चरित मानस प्रतियोगिता



दिनांक 30 जुलाई , दिन - बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवा ,सीतापुर के विद्यालय में मां शारदे की वंदना के पश्चात कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के भैया बहनों की राम चरित मानस प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान अरविंद त्रिपाठी( पूर्व अभिभावक व संगीतज्ञ तथा राम चरित मानस विशेषज्ञ ) तथा विशिष्ट अतिथि महोदय के रूप में श्री  रोहित मिश्रा जी (अध्यक्ष पूर्व छात्र परिषद ) की उपस्थिति रहे । कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्रीमान पुष्पेंद्र तिवारी जी द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में आए हुए अतिथि महानुभावों का परिचय विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख आचार्य श्री महेश कुमार मिश्र जी द्वारा कराया गया। आए हुए अतिथि महानुभावों के द्वारा  भैया बहनों को संदेश दिया कि समय निकालकर प्रतिदिन राम चरित मानस को पढ़े और उनका भावार्थ भी अपने जीवन में धारण करें एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। संकल्पित  सभी भैया बहनों का जीवन प्रगति पथ पर हमेशा सफलतम शिखर तक पहुंचेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है । आए हुए अतिथि महानुभावों का आभार विद्यालय के व्यवस्था प्रमुखजी द्वारा ज्ञापित  किया गया ।कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।




दिनांक 31.7.2025, दिन- गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर के विद्यालय में आधारभूत विषयों में से संगीत विषय का संकुल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किया गया जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर हरगांव , सरस्वती शिशु विद्या मंदिर महमूदाबाद , श्री राम चंपा देवी सरस्वती विद्या मंदिरबिसवां सीतापुर , सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर , सरस्वती विद्या मंदिर लहरपुर , अशोक सरस्वती शिशु मंदिर लहरपुर आदि विद्यालय सम्मिलित रहे , कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विद्यालय के पूर्व छात्र व व्यवसायी श्री मान संत सहाय रस्तोगी जी ने आए हुए आचार्य बंधु व आचार्या बहनों को सम्मानित किया तथा समापन सत्र में श्री नंदकिशोर अवस्थी जी सामाजिक कार्यकर्ता व संगीत प्रेमी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ ।




दिनांक 08 अगस्त 2025, दिन- शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी की देखरेख एवं उनके दिशा निर्देशन में रक्षाबंधन का कार्यक्रम बड़े ही जोश, उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री राम प्रकाशजी , श्री तोताराम जी , श्री राम चंद्रजी , श्री राकेशजी , श्रीमती हिमांशी जी , श्रीमती शिखाजी , श्रीमती मोनिकाजी , आदि आचार्य बंधु / बहिनों ने रक्षाबंधन के विषय में अपने विचार रखें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा सभी बहनों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर यह संदेश दिया गया कि सभी अपने भाइयों से यह संकल्प लें कि वह कभी जीवन में नशा नहीं करेंगे और नशा करने वालों से हमेशा दूर रहेंगे, ऐसा संकल्प अवश्य लें। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्री पुष्पेंद्रजी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी बहनों ने विद्यालय के भैयाओं , आचार्य बंधुओं के हाथों में राखी बांधकर उनके दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की । चतुर्थ/ पंचम की बहनों के द्वारा नगर में चलने वाले संस्थानों में जैसे अस्पताल के चिकित्सकों एवम् कर्मचारियों, इंडियन व एक्सिस बैंक के प्रबंधक एवम् कर्मचारियों , नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवम् कर्मचारियों , तहसील में तहसीलदार महोदय एस.डी.एम. एसडीम महोदय साथ में सिविल जज भी उपस्थित रहकर रक्षा सूत्र बनवाया , नगर कोतवाली में समस्त पुलिस स्टाफ को रक्षासूत्र बांधकर उनके यशश्वी एवम् दीर्घायु होने की कामना विद्यालय की बहिनों द्वारा की गई । रक्षा सूत्र बंधवानेके इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री पुष्पेंद्रजी , श्री राम सागरजी , श्री तोताराम जी साथ में शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती शशि मिश्रा जी श्रीमती उर्मिला जी, श्रीमती संगीता जोशी जी, श्रीमती दिव्यांशी जी का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा सभी बंधु बहनों को रक्षाबंधन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गई और सभी के यशस्वी एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

# लखीमपुर संकुल

## कॅरियर काउन्सलिंग के द्वारा छात्राओं को दिखाई भविष्य की






दिनांक 11.07.2025, दिन शुक्रवार को 'सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर-खीरी' में प्रातः 11.00 बजे से विद्यालय की छात्राओं को भविष्य हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, लखीमपुर-खीरी द्वारा ''कॅरियर काउन्सलिंग'' आयोजित की गई। कॅरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम में कक्षा-12 की लगभग 230 छात्राओं ने सहभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 सुश्री साक्षी डागुर, प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी, कर्नल सी.पी. मिश्रा, अवकाश प्राप्त कर्नल भारतीय सेना एवं पूर्व सैनिक कल्याण अधिकारी, संगीत शिरोमणि डॉ0 रुचिरानी गुप्ता जी, श्री राजेश कुमार-सेवानिवृत्त अनुदेशक तथा प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी द्वारा ओम के उच्चारण से हुआ।

सुश्री साक्षी डागुर ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार सरकारी एवं प्राइवेट स्कॉलरशिप के बारे में बताया। इसके साथ ही जीवविज्ञान एवं गणित के अतिरिक्त अन्य कोर्सेज जैसे जियोलोजी, जियोफिजिक्स आदि से भी ग्रेजुऐशन करने के बारे में विस्तार से समझाया।

कर्नल सी.पी. मिश्रा जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी रुचि के अनुसार ही अपना कॅरियर चुने तभी आप अपने जीवन में सफल भी होंगे और संतुष्ट भी होंगे। उन्होने छात्राओं को बताया कि अपना उद्देश्य सुनिश्चित कर सही दिशा में प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होगी। उन्होने छात्राओं को अपने सोचने का दृष्टिकोण भी विकसित करने को कहा। उन्होंने छात्राओं को स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया तथा नियमित रूप से किसी एक सामान्य ज्ञान की पत्रिका को पढ़ने को कहा। उन्होंने छात्राओं को सेना में जाने के विभिन्न माध्यमों जैसे NDA, CDS, SSC के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग, नर्सिंग के द्वारा भी भारतीय सेना में जाया जा सकता है।

डॉ0 रूचि रानी गुप्ता जी ने छात्राओं को संगीत विषय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर हेतु अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।

प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई जी ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्याएँ भी उपस्थित रहे।

## (विद्यालय स्तर चेस प्रतियोगिता 2025-26)



दिनांक 12 जुलाई को सबजूनियर और सीनियर वर्ग में चेस प्रतियोगिता आयोजित करायी गई जिसमें सब जूनियर वर्ग में गोदावरी, रावी ,यमुना और भागीरथी हाउस से 19 प्रतिभागी और सीनियर वर्ग में भी गोदावरी ,रावी,यमुना,भागीरथी हाउस से 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की उप प्रधानाचार्य सीमा दीदी जी के द्वारा किया गया उन्होंने ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उत्साहित किया ।

सब जूनियर वर्ग में

प्रथम स्थान पर - भागीरथी ग्रुप-गौरी त्रिवेदी 7A

द्वितीय स्थान पर - गोदावरी ग्रुप-प्रिया वर्मा 8C

तृतीया स्थान पर-यमुना ग्रुप- पल्लवी 6C

सीनियर वर्ग में

प्रथम स्थान- यमुना ग्रुप- हंसनी मिश्रा 10 A

द्वितीय स्थान- भागीरथी ग्रुप-आरुषि

तृतीया स्थान पर-गोदावरी ग्रुप- साक्षी राणा

इन सभी खिलाड़ियों को बहुत बहुत बधाई

 

दिनांक 19.07.2025 दिन शनिवार को विद्यालय में विद्या भारती योजनानुसार छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय संकुल स्तरीय किशोरी विकास वर्ग, वन्दना प्रमुखों का प्रशिक्षण वर्ग एवं प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

संकुल स्तरीय किशोरी विकास वर्ग में संकुल के 13 विद्यालयों की लगभग 150 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वन्दना से हुआ। उपस्थित अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई ने दिया।

उद्घाटन सत्र- में मुख्य अतिथि श्री उत्तम कुमार जी, प्रान्तीय प्रमुख, संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं विशिष्ट अतिथि श्री सुरेश सिंह जी, सम्भाग निरीक्षक, सीतापुर उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में श्री सुरेश सिंह जी ने कहा कि उनके अनुसार बालिकाओं की शिक्षा का उद्देश्य बालको की शिक्षा से भिन्न व अधिक विस्तृत है क्योकि एक बालक की शिक्षा व्यक्तिगत होती है जबकि बालिका की शिक्षा पूरे परिवार को सभ्य व सुसंस्कृत बनाती है। हमारा लक्ष्य बालिकाओं का सर्वांगीण विकास है। इस हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर छात्राओं का दक्ष बनाया जाता है।

प्रथम सत्र क्रियात्मक एवं रचनात्मक- प्रथम सत्र के अन्तर्गत रचनात्मक कौशल विकास हेतु उनकी रुचि के आधार पर चार प्रकार के सत्रों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत श्रीमती रुचि तिवारी द्वारा Thread Magic के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सिलाई के टांके तथा ब्रेसलेट निर्माण, श्रीमती श्वेता शुक्ला द्वारा Non Fire Cooking में मजीटो ड्रिंक, खजूर के लड्डू, सैगो फाक्सनेट, सलाद बनाना, श्री आशीष अवस्थी जी द्वारा Tech Spark के अन्तर्गत तकनीक के प्रयोग में सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया एवं श्रीमती डाली जी के द्वारा Craft के अन्तर्गत रंगीन पेपर से बुके बनाने की विधि बताई गई।

द्वितीय सत्र शारीरिक प्रशिक्षण- द्वितीय सत्र में छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण कराटे प्रशिक्षक श्री जीतेन्द जी ने दिया, जिसे छात्राओं पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह से सीखा। यह सत्र बहुत ही रोचक रहा।

तृतीय सत्र- इस सत्र में समाज सेविका श्रीमती नीति गुप्ता, काउंन्सलर, महिला थाना, लखीमपुर ने छात्राओं को वर्तमान सामाजिक परिवेश की चुनौतियों से परिचत कराया एवं छात्राओं को इन चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा प्रदान की व युक्तियाँ बताईं।

समापन सत्र- में विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 सुरेश जी, सम्भाग निरीक्षक एवं संकुल प्रमुख डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी उपस्थित रहे। मा0 सुरेश जी ने बताया कि इस तरह के सम्मेलन व प्रशिक्षण वर्ग हमारी कार्य पद्धति के अंग हैं। सम्मेलन का उद्देश्य अनुभवों का आदान प्रदान होता है। संकुल प्रमुख डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम से हुआ। संकुल के अन्य जिलों से आए प्रधानाचार्यो, शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्रा बहनों को स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि बाजपेई, श्री डा0 राकेश माथुर, श्री चन्द्र भूषण साहनी जी, श्री तुषार गर्ग जी, श्री विमल अग्रवाल जी, सी0ए0 श्री अमित गुप्ता जी, श्रीमती नूतन गुप्ता जी, श्री रवि भूषण साहनी जी, सभी विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य संवाद की संगीनी बनी बालिकाएँ : रोटरी क्लब द्वारा जागरूकता शिविर सम्पन्न

### मासिक धर्म, स्वास्थ्य संरक्षण और आत्मबल का संप्रेषण






जब ज्ञान का दीपक संवेदना की बाती से प्रज्वलित होता है, तब चेतना का आलोक दूर तक फैलता है। ऐसा ही आलोक बिखरा 21 जुलाई 2025 को, जब रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी द्वारा सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बालिकाओं हेतु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता अवस्थी ने मासिक धर्म में आने वाली अनियमितताओं, उनके कारणों और बचाव के उपायों को सहज और सरल शब्दों में प्रस्तुत कर बालिकाओं को ज्ञानवर्द्धक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने न केवल विषय की गंभीरता को सुलझाया, बल्कि छात्राओं की जिज्ञासाओं का आत्मीय उत्तर देकर उनके मन के संशयों को भी शांत किया।डॉ. अवस्थी ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों तथा उससे बचाव हेतु लगाए जाने वाले टीकों पर भी विस्तार से चर्चा की, जिससे छात्राएँ नारी स्वास्थ्य के प्रति सजग और जागरूक हो सकें।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रांगण में आत्मीयता का भाव छाया रहा, जब संस्था की अध्यक्ष  प्रीती सिंह ने डॉक्टर व सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि – "स्वास्थ्य ही आत्मबल का मूल है, और जागरूकता उसका पहला चरण।"इस प्रेरणास्पद आयोजन ने नन्हीं बालिकाओं के मन में आत्मसुरक्षा और स्वास्थ्य सजगता का नवबीज बोया।

## ‘‘अदम्य साहस एवं बलिदान का दिन है कारगिल विजय दिवस’’



दिनांक 26 जुलाई 2025, दिन शनिवार को विश्व के कठिनतम युद्धों में एक कारगिल युद्ध की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना लखीमपुर खीरी  में ‘कारगिल विजय दिवस‘ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्रा जी, विद्यालय प्रबन्धक श्री चन्द्र भूषण साहनी जी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पैदल सैनिकों के अदम्य साहस एवं बलिदान से कारगिल में विजय प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि जब भी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से बातचीत हुई, भारत ने धोखा ही खाया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व0 श्री अटल बिहारी बाजपेई मित्रता के लिए पाकिस्तान गए थे और पीछे से पाकिस्तान ने कारगिल पर कब्जा कर लिया।

कारगिल का युद्ध विश्व का सबसे कठिन युद्ध था। क्योंकि इसमें वायुसेना आदि नही केवल पैदल सैनिकों ने अपने अदम्य साहस से घुटनों के बल रेंगते हुए पहाड़ों पर बैठे दुश्मन पाकिस्तान के आतंकवादियों के वेश में आए हुए सैनिको को मार गिराया था।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा बहनों ने अपने देशभक्ति भरे हुए भाषण एवं कविताओं के माध्यम से सभी को जोश से भर दिया।

विद्यालय प्रबन्धक श्री चन्द्र भूषण साहनी जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें हमारे वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को कभी भी नहीं भूलना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने आए हुए अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्रा जी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की सहायक आचार्या श्रीमती नेहा दीक्षित ने किया।

विज्ञान सप्ताह- पोस्टर प्रतियोगिता



प्रोफेसर प्रफुल्ल चंद्र राय की जन्म जयंती के उपलक्ष में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज मिश्राना लखीमपुर खीरी में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 26.07.2025 को किया गया, जिसमें 24 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय "ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण" था। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है:

प्रथम स्थान - अवंतिका वर्मा (कक्षा 8A)

द्वितीय स्थान - ऋधिमा मिश्रा (कक्षा 8B)

तृतीय स्थान - अर्ना शुक्ला (कक्षा 8A), सौम्या मौर्य (कक्षा 7B)

सांत्वना पुरस्कार - माही गुप्ता (कक्षा 8A)





दिनांक 26/7/2025 दिन शनिवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज मे हाउस एक्टिविटी की शुरुआत करी गई जिसमें विद्यालय की आचार्या (एवं यमुना हाउस इंचार्ज) सुश्री नेहा शर्मा जी द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के यमुना हाउस के छात्रों में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी जैसे शब्द रचना क्विज़ जिसका शीर्षक ( कारगिल विजय दिवस रखा गया ) एवं शारीरिक खेल जैसी रचनात्मक गतिविधियां कराई गई ,, जिससे छात्रों में बौद्धिक एवं शारीरिक तथा सामान्य ज्ञान का विकास हो साथ ही छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और खेल भावना को बढ़ावा मिले इसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था ।

## स्लोगन प्रतियोगिता



प्रोफेसर प्रफुल्ल चंद्र राय की जन्म जयंती के उपलक्ष में विज्ञान सप्ताह के अन्तर्गत सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन 28 .07.2025 को किया गया जिसका विषय विज्ञान की दैनिक जीवन में जरूरत था। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है -

प्रथम स्थान - अग्रिमा शुक्ला 6B

द्वितीय स्थान- अवंतिका वर्मा 8A

तृतीय स्थान - गौरी त्रिवेदी 7A

## " सात का वार संचारी रोग पर प्रहार "




माननीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जी , के आदेशानुसार हर साल की तरह इस साल भी ,सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज मिश्राना (लखीमपुर खीरी) में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 1 जुलाई se 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है ,, जिसके अंतर्गत आज 29 जुलाई ,, मंगलवार को तृतीय चरण में विद्यालय स्तर पर * कक्षा नवम के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवम क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके परिणाम कुछ इस प्रकार है

पोस्टर प्रतियोगिता

प्रथम _अवंतिका तिवारी।। 9a

द्वितीय __रिधिमा राठौर 9d

तृतीय__आयुशी पटेल 9a

क्विज प्रतियोगिता

प्रथम __अविका शर्मा 9B

द्वितीय __जन्मा जैसवाल 9b

तृतीय__वैष्णवी अग्निहोत्री 9b

## राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन




दिनांक 30 जुलाई 2025, दिन बुधवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में छात्राओं में रचनात्मक एवं क्रियात्मक विकास हेतु राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीनियर वर्ग में 81 छात्राओं एवं जूनियर वर्ग में 41 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने आचार्या रूचि तिवारी, आचार्या सौम्या शुक्ला एवं आचार्या डाली शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में रंग-बिरंगी राखियों के निर्माण का प्रशिक्षण पूर्ण उल्लास के साथ प्राप्त किया।

## "जन्मजयन्ती पर याद किए गए साहित्य के दो महान स्तम्भ तुलसीदास एवं प्रेमचन्द्र"



दिनांक 31 जुलाई 2025, दिन गुरुवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में हिन्दी साहित्य के दो महान विभूतियों को उनके जन्म जयन्ती पर याद किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजेश दीक्षित एवं प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वन्दना एवं दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ।

इस अवसर पर श्री राजेश दीक्षित जी ने कहा कि महाकवि तुलसीदास एवं साहित्यकार प्रेमचन्द्र जी की जयन्ती मनाने का मुख्य उद्देश्य उनकी रचनाओं से प्रेरणा लेना है। उनकी कही दोहों, चौपाईयों तथा कहानियों में कहे गये जीवन के सत्य को आत्मसात करना है।

विद्यालय की छात्रा बहनों ने महाकवि तुलसीदास जी द्वारा रचित प्रमुख रचनाओं को कविताओं एवं दोहों के माध्यम अत्यन्त सुन्दर ढंग से बताया।

विद्यालय की आचार्या श्रीमती नम्रता दीक्षित ने प्रेमचन्द्र जी की कहानियों में आम आदमी की पीड़ा को विस्तार से बताया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने आए हुए अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की सहायक आचार्या श्रीमती रिंकी पाण्डेय ने किया।

## श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी में धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान सुनीत मिश्रा जी और प्रधानाचार्य श्रीमान राम प्रताप सिंह जी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से तुलसी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर तुलसी के दोहे से बच्चों का मार्ग दर्शन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान सुनीत मिश्रा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजत चहुँ ओर। बसीकरन इक मंत्र है परिहरू बचन कठोर॥"

अर्थात " मीठे वचनों से चारों ओर सुख फैलता है। यह एक सम्मोहन मंत्र है, इसलिए कठोर वचन त्यागकर मीठे वचन बोलने चाहिए" विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तुलसीदास जी के जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं, जिनमें भक्ति, कर्म, और सामाजिक चेतना शामिल हैं। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी भी भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति नहीं छोड़ी।

गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान राम के अनन्य भक्त थे। उन्होंने रामचरितमानस और विनयपत्रिका जैसी रचनाओं के माध्यम से राम भक्ति का प्रचार प्रसार किया।

कर्म: तुलसीदास जी का मानना था कि कर्म ही मनुष्य का भाग्य निर्धारित करता है। उनका प्रसिद्ध दोहा "कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करई, सो तस फलु चाखा" इस बात का प्रमाण है कि हमें हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि उसका फल अवश्य मिलता है।"



## मानस गायन प्रतियोगिता

सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज , मिश्राना लखीमपुर में दिनांक 31 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को राष्ट्र भाषा सेवा समिति द्वारा तुलसी जयंती के अवसर पर "मानस गायन प्रतियोगिता" दो वर्गों में (कनिष्ठ वर्ग तथा वरिष्ठ वर्ग) आयोजित की गई जिसमें कुल 30 छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अन्य विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं के साथ हमारे विद्यालय की (04) छात्रा बहनों ने भी प्रतिभाग किया।



जिसमें कनिष्ठ वर्ग में बहन प्रियांशी राज 8A नें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रोफेसर प्रफुल्ल चंद्र राय की जन्म जयंती के उपलक्ष में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 01.08.2025 को किया गया, जिसमें 24 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रथम स्थान - खुशी तिवारी (11- D)
कोमल वर्मा (11- D)
प्रतिभा पाल (11- D)
द्वितीय स्थान - आख्या गुप्ता (11- C)
आर्या गुप्ता (11- C)
कृति मिश्रा (11- C)
तृतीय स्थान -सृष्टि तिवारी(11- A)
अनुष्का सिंह (11- A)
प्रतीक्षा निषाद (11- A)

## भागीरथी हाउस एक्टिविटी डे

दिनांक 02.08.2025 दिन शनिवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज मे भागीरथी



हाउस एक्टिविटी की शुरुआत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नूतन गुप्ता जी, श्रीमती नीलम यादव जी, प्रधानाचर्या श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी एवं विद्यालय की आचार्या एवं भागीरथी हाउस की इंचार्ज-श्रीमती श्वेता शुक्ला जी द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के भागीरथी हाउस की छात्राओं में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी जैसे गेम ऑफ नंबर्स, जिसके अन्तर्गत बच्चों को गणित विषय के गुणा, भाग, जोड़ एवं घटाना सिखाया गया तथा जिसमें शारीरिक खेल का उपयोग भी किया गया। दूसरी एक्टिविटी JAM (जस्ट ए मिनट) कराई गई जिसमे बच्चों को एक मिनट तक लगातार बिना रुके बोलना होता है एवं अन्य विभिन्न गतिविधियां भी कराई गई, जिससे 'छात्राओं में बौद्धिक एवं शारीरिक तथा सामान्य ज्ञान का विकास हो साथ ही छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व कौशल और खेल भावना को बढ़ावा मिले और इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था।

कार्यक्रम विद्यालय की यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें उन्होंने छात्राओं को निरन्तर एक नदी के भांति कार्यरत रहने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## "श्रावण मास में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता"



सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी में श्रावण मास में दिनांक-02-08-2025 दिन शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 117 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक के तौर पर श्रीमती नीलम यादव जी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की प्रबंध समिति की सम्मानित सदस्या नूतन गुप्ता जी भी उपस्थित रहीं। विद्यालय की सम्मानित प्रधानाचार्या जी ने सम्मानित अतिथियों का परिचय कराया तथा सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई  जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग।

जूनियर वर्ग  परिणाम-

प्रथम स्थान-वैष्णवी वर्मा 8B

द्वितीय स्थान-आराध्या शुक्ला 8A

तृतीय स्थान-शिवानी श्रीवास्तव-8B

सीनियर वर्ग परिणाम-

प्रथम स्थान-दिशा वर्मा 12A

द्वितीय स्थान-इशिका अवस्थी 12E

तृतीय स्थान-अक्षरा पटेल-12B

विद्यालय की आचार्या अमिता गुप्ता ने सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं ने कार्यालयों में अधिकारियों को रक्षासूत्र बांधकर मनाया रक्षा बन्धन पर्व



आज दिनांक 08.08.2025, दिन शुक्रवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी  में रक्षा बन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में छात्रा बहनों ने रक्षा बन्धन पर्व पर सुन्दर गीतों एवं कविताओं द्वारा भाव विभोर कर सभी का मन प्रफुल्लित कर दिया।

विद्यालय की छात्रा बहनों ने जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोतवाली, महिला थाना, संस्कृत विद्यालय एवं सीमा सुरक्षा बल कार्यालयों में जाकर सभी के रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बन्धन पर्व की शुभकमानाएँ प्रेषित कीं।



एक स्टाल बिक्री के लिए लगाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे फारेस्ट कालोनी स्थित रामेश्वर धाम मंदिर के आचार्य अनूप कुमार मिश्र जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में रक्षा बन्धन पर्व आदि काल से मनाया जाता है। उन्होंने राजा बलि एवं माता लक्ष्मी की सुन्दर कथा का भी वर्णन किया।

विद्यालय प्रबन्धक श्री चन्द्र भूषण साहनी जी ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या श्रीमती संध्या दीक्षित ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजेश दीक्षित जी एवं मुड़िया महन्त मन्दिर के प्रमुख श्री पंकज कृष्ण शास्त्री जी भी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी सभी को रक्षा बन्धन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस त्यौहार में हमारी सनातन संस्कृति झलकती है। आज के दिन सभी बहनों-भाइयों को एक-दूसरे के साथ ही अपने पर्यावरण, राष्ट्र एवं समाज की रक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए।

## प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्लचन्द्र राय के जन्मदिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण



दिनांक 02 अगस्त 2025, दिन शनिवार को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी में वैज्ञानिक प्रफुल्लचन्द्र राय की जयन्ती के अवसर पर विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया था जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई थी।

विज्ञान सप्ताह समापन दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों के स्वरूप प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

विज्ञान सप्ताह के समापन पर पूर्व में हुई विभिन्न प्रतियोंगिताओं में विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्य जी द्वारा पुरस्कृत प्रदान का उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# हरदोई संकुल



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज 23/07/ 2025 को श्रीमान योगेश कुमार जी (क्षेत्रीय सेवा शिक्षा संयोजक) विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र तथा नेपाल का विद्यालय की वन्दना सभा में रहना हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के समक्ष पुष्पार्चन/दीपप्रज्वलन कर माँ शारदे की वन्दना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने अतिथि महानुभाव का पटका पहनाकर स्वागत वन्दन किया। तत्पश्चात भैया-बहनों को अतिथि महोदय का पाथेय प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य/आचार्या बहने उपस्थित रहे। विद्यालय की इस सप्ताह समंपन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले भैया/बहनों को अतिथि महानुभाव के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। सेवा शिक्षा की जो प्रेरणा छात्रों को दी गई उसमें कितनी प्रगति हुई है उसको देखने के लिए सितम्बर माह में पुनः आप लोगों से मिलने आऊंगा। उस दिन गुल्लक दर्शन का कार्यक्रम होगा। प्रधानाचार्य जी आप लोगों को अवगत करा देंगे। इसी के साथ आज की वन्दना सभा समाप्त की गई। आज आप पूरे दिन विद्यालय में रहकर गतविधिओ में सहभागी रहेंगे।

## आचार्य दक्षता वर्ग



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज दिनाँक -: 31/07/ 2025 को मासान्त दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पंचपदीय शिक्षण के आधार पर गणित- श्री मनोज कुमार पाण्डेय जी, विज्ञान- श्री राजेश कुमार सिंह, हिन्दी - श्री विनय कुमार सिंह तथा श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने पाठ योजना निर्माण कर सभी के मध्य शिक्षण किया। प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी सम्पूर्ण समय प्रशिक्षण में रहे। अन्त में उन्होंने बताया की शिक्षकों को स्वयं शिक्षार्थी बनकर सीखने के लिए तत्पर रहना होगा तभी शिक्षा समाज को नई दिशा दे सकेगी। हमें अपने शिक्षण में पंचपदी के पाँचो चरण- अधीति, बोध, अभ्यास, प्रयोग, एवं प्रसार का समावेश करके पढ़ाना चाहिए तभी समाज का परिवर्तन होगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्या बहने उपस्थित रहे।

## सावन मास में प्रतियोगिता



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज 01/08/ 2025 को मेंहदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, एवं गमला सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें भैया/बहनों के द्वारा बहुत ही रुचिपूर्वक भाग लिया। जिसमें निर्णायक मण्डल में मातृभारती की बहन श्रीमती प्रियंका मिश्रा जी रही। विद्यालय की आचार्या बहने श्रीमती रती जी, श्रीमती कल्पना सिंह जी, श्रीमती स्नेहा जी की देखरेख में आज की प्रतियोगिता हुई। अन्त में प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्रों को प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह ने पुरस्कृत करते हुए पुनः और अच्छा करने का आशीर्वाद दिया।

## रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज 07/08/ 2025 को राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन विद्यालय की बहनों द्वारा श्रीमती कल्पना जी, श्रीमती रती जी, श्रीमती स्नेहा जी के निर्देशन में किया गया। जिसमें बहनों ने रचनात्मकता एवं पारम्परिक मूल्यों पर सुन्दर सुन्दर राखिओ का निर्माण कार्यशाला में किया। प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने बताया इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता,सांस्कृतिक चेतना, और आत्म-निर्भरता जगाना है। श्री सुशील जी, श्री उमेश जी, श्री परमेश्वर दीन जी ने निर्णायक की भूमिका में प्रथम, द्वतीय व तृतीय स्थान दोनों वर्गों में निर्धारित किए। स्थान प्राप्त बहनों को पुरस्कृत किया गया। कल अंतिम दो वेलाओ में रक्षा-बंधन पर्व मनाया जायेगा। जिसमें स्वनिर्मित राखिओ का प्रयोग भैया/बहनों द्वारा किया जाए ऐसा प्रयास करना चाहिए।

## रक्षा-बंधन पर सामाजिक गतिविधि



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज 08/08/ 2025 को बहनों की तीन टीमें बनाकर श्री उमेश कुमार सिंह जी के साथ पुलिस अधीक्षक श्रीमान नीरज कुमार "जादौन" जी के कार्यालय में, श्री सुशील जी के साथ एक टीम क्षेत्रीय प्रबंधक उ०प्र० परिवहन निगम श्री के०एल० केसरवानी जी के कार्यालय में, तथा एक टीम जिलापंचायत कार्यालय व नगरपालिका परिषद कार्यालय ललित मोहन बाजपेई जी के साथ गयी थी। जहाँ बहनों द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर व मिष्ठान खिलाकर रक्षा बंधन कार्यक्रम मनाया गया।सभी ने बहनों से आशीर्वाद प्राप्त कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। साथ ही साथ में आये आचार्य जी से कहा भविष्य में हमारे लायक कोई भी सेवा हो तो अवगत कराइयेगा। हम आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज जागरण में महती भूमिका का निर्वहन करते है।

# बहराइच संकुल

## भारत विकास परिषद शाखा बहराइच द्वारा सम्मान समारोह



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज माधवपुरी बहराइच में भारत विकास परिषद शाखा बहराइच द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर हुआ। मंच का संचालन कर रहे श्री राजेंद्र कुमार मिश्र जी ने सभी अतिथि महानुभावों का परिचय कराया।विद्यालय की बहनों द्वारा सभी अतिथियों का तिलक एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

परिषद के पदाधिकारियों राजेश कुमार गोयल जी अध्यक्ष,सत्येंद्र कुमार जी सचिव,शैलेन्द्र कुमार गुप्ता जी कोषाध्यक्ष, सत्यप्रकाश जायसवाल जी,शिवराम यज्ञसैनी जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय बहादुर सिंह जी द्वारा  अपनी अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले,विज्ञान के क्षेत्र में,खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से इंस्पायर्ड अवॉर्ड में चुने गए भैया बहनों को प्रमाणपत्र,पेन,ज्योमेट्री बॉक्स आदि देकर सम्मानित किया गया एवं सभी भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सम्मान की इसी श्रृंखला में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय बहादुर सिंह जी,श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव जी, श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्र जी, श्री वेद प्रकाश मिश्र जी,श्री अनूप कुमार गुप्ता जी व्यवस्था प्रमुख, श्री राजेंद्र कुमार मिश्र जी,श्री राजकुमार चौधरी जी, ऋषि शंकर शर्मा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य जी ने सभी अतिथियों का सहृदय आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# उन्नाव संकुल

**वायुसेना से सेवानिवृत्त श्री सुरेंद्र प्रताप दीक्षित :- मेरा देश मेरी जान से बढ़कर ।**





आज स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में पूरे जोश और उत्साह के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया । आज इस अवसर पर सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों में श्री श्रीकांत त्रिवेदी जी , श्री सुरेन्द्र प्रताप दीक्षित जी, श्री शिवकिशोर जी ,श्री बृज किशोर , एन0 सी0 सी0 हेडक्वार्टर से सिपाही मनप्रीत सिंह जी , विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेस जी , प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य श्री रामकृष्ण यादव जी ने माँ सरस्वती, माँ भारती व कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया ।विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने आये हुए सभी पूर्व सैनिकों का परिचय कराया व प्रबन्धक राकेस कुमार जी ने सभी सैनिकों को अंगवस्त्र व श्री रामचरित मानस की पुस्तक देकर सम्मानित किया। विद्यालय के भैया बहिनों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत गाये व युध्द के बारे में जानकारी दी । वायुसेना के सेवानिवृत्त सैनिक सुरेंद्र प्रताप दीक्षित जी ने युद्ध की आँखों देखी और आप बीती बातों से भैया बहिनों को देशभक्ति के लिए प्रेरित किया ।एन0 सी0 सी0 के कैडेटस ने गीत और पिरामिड बनाया । अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक राकेस कुमार जी ने सभी पूर्व सैनिकों का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री राम कुमार सिंह जी , अंकित सिंह जी , आलोक कुमार जी , रविशंकर श्रीवास्तव जी श्रीमती प्रीति जी उपेंद्र जी उपस्थित रहे ।

**नैपुण्य वर्ग में समता का हुआ अभ्यास व आचार्यों का हुआ बैटरी परीक्षण ।**

स0वि0म0इ0का0 गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में आज मासान्त में अवकाश के पश्चात सभी



आचार्यों का बैटरी टेस्ट किया गया जिसमें वर्टिकल जम्प भी शामिल रहा । इसके बाद विद्यालय के आचार्य व प्रान्तीय शारीरिक प्रमुख श्री रमेश कुमार सिंह ने समता का अभ्यास कराया जिसमें एक सह सम्पत ,आराम , दक्ष , वाम वृत्त , दक्षिण वृत्त , सावधान , स्वस्थ आदि का अभ्यास कराया गया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य व प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी भी उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचपदीय शिक्षा का आज प्रशिक्षण संम्पन्न।



स0वि0म0इ0का0 गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पंचपदीय शिक्षा पद्धति से शिक्षण करने के कुछ सामान्य किन्तु विशेष बिंदुओ को प्रशिक्षण प्राप्त आचार्य श्री अवधेश कुमार तिवारी जी ने बड़े ही सरल शब्दों व तकनीकी गुणों को बताया कि आज हम शिक्षा को अध्यापक को केंद्र बिन्दु न रखकर बाल केन्द्रित शिक्षा पर जोर देना है । इसके अलावा आनन्दमय शिक्षा हो , कक्षा में भैया या बहिन डरी सहमी न हों अतः इस बात का ध्यान रखना है कि भैया बहिन ही अधीति का ज्यादातर हिस्सा बने । उन्होंने बताया कि कक्षा में पहुंच कर पहले ध्यान फिर पूर्वज्ञान फिर अन्य बिन्दुओं पर जैसे सामान्य उद्देश्य , अधिगम शिक्षण परिणाम ,बोध ,प्रयोग , अभ्यास, एवं प्रसार के माध्यम से शिक्षण कार्य करना । इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी भी उपस्थित रहे । अन्त में प्रधानाचार्य जी ने अन्य शिक्षण व व्यवस्थाओं सम्बन्धी जानकारी दी ।

## रामचरितमानस के सुंदरकांड की चौपाई की प्रतियोगिता संम्पन्न ।



स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में आज सुंदरकांड की चौपाई व दोहे की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिवा जी हाउस , विवेकानन्द हाउस , आर्यभट्ट हाउस व भगतसिंह हाउस ने बाल वर्ग, किशोर वर्ग व तरुण वर्ग ने भाग लिया । भैया बहिनों ने पूरे उत्साह के साथ लय और स्वर में गायन किया । इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में ओ0पी0जे0डी0 इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री रतिभान जी , सरोज सरस्वती शिशु मंदिर गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव के प्रधानाचार्य जी ने निभाई ।इस अवसर पर जयन्ती महोत्सव प्रमुख श्री योगेश कुमार अवस्थी जी और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी भी उपस्थित रहे । विजेता टीम को 15 अगस्त के पर्व पर पुरस्कृत किया जाएगा ।

## प्रयागराज में आयोजित 36 वें क्षेत्रीय ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता में संकुल उन्नाव शुक्लागंज केखिलाडी भैया बहन के श्रेष्ठ प्रदर्शन का रहा दबदबा





बीते 3 अगस्त से लेकर5अगस्त तक प्रयागराज में आयोजित 36 वें क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उन्नाव संकुल का प्रतिनिधित्व करते हुए संकुल उन्नाव शुक्लागंज के विभिन्न आयु और भार वर्ग के विभिन्न खिलाड़ी भैया बहनों ने प्रतिभाग कर संकुल के साथ-साथ अवध प्रांत का नाम भी रोशन किया श्रेष्ठ प्रदर्शन इस प्रकार रहा...।

U - 14 राशी पांडे स्वर्ण पदक

U- 17 आयुष तिवारी स्वर्ण पदक
अथर्व गौतम स्वर्ण पदक
अर्णव गौतम रजत पदक
आयुषी गौतम कांश पदक
सनाध्या अवस्थी काँस पदक
सौम्या वर्मा स्वर्ण पदक
शगुन रजत पदक

U-19 मानवी सिंह स्वर्ण पदक
दिव्यांशी शुक्ला स्वर्ण पदक
सहर्ष तिवारी रजत पदक
अर्पित गौतम रजत पदक

संकुल उन्नाव शुक्लागंज की उपरोक्त श्रेष्ठ सफलता पर संकुल के यशस्वी संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया । और कहा कि यह जीत सिर्फ संकुल उन्नाव की नहीं बल्कि अवध प्रांत की जीत है जिस तरह आज आप सभी ताइक्वांडो खेल की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में में जीते हैं आगे आने वाली अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में भी आप सभी स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें ।

इस क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उन्नाव संकुल दो ग्रुपों में प्रतिभाग़ किया था जिसमें भईयाओं के ग्रुप का नेतृत्व शारीरिक आचार्य प्रदीप द्विवेदी तथा बहनों के ग्रुप का नेतृत्व आचार्य बहिन मयूरी शुक्ला द्वारा किया गया । दोनों ही नेतृत्व कर्ताओ के कुशल नेतृत्व की मै भूरि भूरि सराहना करता हूँ । अवध में प्रांत के प्रांतीय खेलकूद प्रमुख रमेश कुमार सिंह ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि

उपरोक्त स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी भैया बहनों को अब 11 सितंबर से 14 सितंबर 2025 तक भूली धनबाद में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग़ करने हेतु जाना है ।

स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में राखी निर्माण व मेंहदी प्रतियोगिता में किया बहिनों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग ।



विद्यालय में रखी निर्माण व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बाल वर्ग ,किशोर वर्ग व तरुण वर्ग की बहिनों ने प्रतिभाग किया । निर्णायक मंडल में सरोज सरस्वती शिशु मंदिर गोपीनाथपुरम शुक्लागंज की आचार्या बहिन आशा ने अपनी भूमिका निभाई। उनके साथ विद्यालय की आचार्या बहिन श्रीमती प्रीति शुक्ला व बहिन श्रीमती रंजना दीक्षित ने सहयोग किया ।मेंहदी प्रतियोगिता में बाल वर्ग में प्रथम स्थान बहिन अनामिका राजपूत 8A1, द्वितीय स्थान  बहिन शिवन्या 8A2 व तृतीय स्थान बहिन विधि शुक्ला 8A3 ने प्राप्त किया । किशोर वर्ग में प्रथम स्थान बहिन अदिति 9 B2 , द्वितीय स्थान बहिन शानिक दुबे 10 B व तृतीय स्थान बहिन शगुन तिवारी 10 A ne प्राप्त किया ।  तरुण वर्ग में प्रथम स्थान शिवानी यादव 12 B2 , द्वितीय स्थान बहिन जान्हवी पाण्डेय 12 B1 व तृतीय स्थान बहिन सेजल सविता 12 A 1 ने प्राप्त किया ।

राखी निर्माण प्रतियोगिता में बाल वर्ग में प्रथम स्थान बहिन प्रीति ठाकुर 8A2 , द्वितीय स्थान बहिन देविका रावत 6 A1 व तृतीय स्थान भैया अभय कुमार 6A1 ने प्राप्त किया । किशोर वर्ग में प्रथम स्थान बहिन आराधना 9 B1 , द्वितीय स्थान बहिन अवनी मिश्रा 10 B व तृतीय स्थान बहिन इच्छा साहू ने प्राप्त किया । तरुण वर्ग में प्रथम स्थान बहिन प्रियंका12 A2 , द्वितीय स्थान प्रिया 12 B2 , व तृतीय स्थान शिवानी रावत 11 A 2 ने प्राप्त किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य से श्रवण कुमार सिंह जी ने सभी भैया बहिनों का उत्साहवर्धन किया निर्णायक मंडल का खुले दिल से आभार व्यक्त किया ।

# रायबरेली संकुल



दिनांक 3 अगस्त से 5 अगस्त 2025 के बीच प्रयागराज में आयोजित 36 वी क्षेत्रीय विद्या भारती ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोपाल विद्या मंदिर रायबरेली के भैया बहनों ने प्रतिभा करते हुए अच्छे खेल का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में बहन अदित्री निष्ठा एवं शाश्वत ने तथा भैया सागर व कार्तिकेय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ ही बहन अन्नया ने रजत और भैया मानवेंद्र ,देव, रूद्र ने कांस्य पदक हासिल किया स्वर्ण पदक प्राप्त सभी भैया बहन आगामी 11 से 14 सितंबर 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद झारखंड में आयोजित होने वाली विद्या भारती अखिल भारतीय प्रतियोगिता में विद्यालय एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे विद्यालय के प्रबंधक श्री विमल तलरेजा , कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव , प्रबंध समिति के सदस्य श्री किशोर शरण द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही आगामी प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया । राष्ट्रीय भला दिवस के अवसर पर आज वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार अवस्थी जी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक विवेक श्रीवास्तव , शोभित सिंह एवं शिक्षिका अनुप्रिया जी उपस्थित रहे । सभी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की ।राष्ट्रीय भाला दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षक विवेक श्रीवास्तव ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियो से अवगत कराया ।साथ ही भाला फेंक अभ्यास कराया ।







# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.

## अवध प्रान्त

## सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ